EKAL SHAKTI

Vanbandhu Parishad
Rashtriya Mahila Samiti

Vol. 18 : OCT - NOV '22

मकर सक्रांति

अध्यक्षीय मनोगत

इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास

इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प तभी संभव है जब हम किसी लक्ष्य को साधकर कार्य करते हैं। दृढ़ संकल्प से चिंतन, मनन और उद्यम की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। चिन्तन का सम्बन्ध मनन से है, जो मन की शक्ति के रूप में हम सभी में निहित होता है।

प्रबल इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास दोनों का होना ही सफलता के साधन हैं। हमारी छोटी-छोटी उपलब्धियां हमें धीरे-धीरे आत्मविश्वास से भर देती हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। आत्मविश्वास से भरपूर व्यक्ति अपने लक्ष्य के मध्य आने वाली सभी बाधाओं को पार कर, अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ता रहता है। उसके आत्मविश्वास और उसके कार्यों से प्रभावित होकर और भी लोग उसके कार्य से जुड़ते हैं। इस प्रकार धीरे धीरे सहयोगियों का दायरा बढ़ता जाता है और एक संगठन का निर्माण होता है।

जीवन कर्म का पथ है एवं उच्च लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु लम्बी साधना की आवश्यकता होती है । ऐसे में मन कई बार परिस्थितियों के सामने स्वयं को मजबूर-सा पाता है, टूटने-बिखरने लगता है। लेकिन दृढ़ संकल्प शक्ति बहुत प्रबल होती है। मन की शक्ति के बल पर मनुष्य ने आकाश की ऊँचाईयां एवं पाताल की गहराइयां मापी हैं। इसीलिए कहते हैं 'मन के हारे हार है मन के जीते जीत'।

एकल के सदस्य चाहे शहर में कार्यरत हैं या वनवासी क्षेत्रों में, सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविका हैं, जिनका उद्देश्य वनवासी समाज की उन्नति और जागृति के माध्यम से भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाना है। हमारी दृढ़ संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि हम सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख से भी अधिक एकल विद्यालय खोलने में सक्षम हुए और करीब 5 लाख गांवों तक हमारा संपर्क संभव हो पाया।

कार्य बहुत विशाल है। हमारे गांव अभी भी प्रगति की मुख्यधारा से बहुत पीछे हैं। इसलिए हम नगर वासियों का यह दायित्व बनता है कि हम हमारे गांवों की उन्नति में सहायक बनें। आप छोटे शहर में हों, या गांव में हों, बड़े शहर में हों व किसी भी भाषा भाषी के हों, एकल के कार्य से जुड़ें और इसके महान उद्देश्य में सहायक बनें।

जय भारत! जय एकल!
वनबंधु परिषद - राष्ट्रीय महिला समिति,
लता मालपानी, अध्यक्ष

सचिव की कलम से

प्रिय बहनो,
एकल अभिवादन।

हमारा सबसे बड़ा आयाम 'संक्रांति पर्व' सामने है, आप सभी संग्रह में व्यस्त होंगी। हम छोटे छोटे सहयोग लेकर करोड़ों की राशि एकत्रित कर लेते हैं। पूर्णकालीन भाई बहनो को उपहार देकर उनकी सेवाओं के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने का संक्रांति उचित माध्यम है। जिस समिति में संग्रह कम होता है, उन्हें अधिक संग्रह करने वाली समिति सहयोग करती है। पर हर समिति को कोशिश करनी है कि यह नौबत ही नहीं आए। संक्रांति व्यापक संपर्क का भी सुअवसर है। आपने अपने उपहार का चयन अपनी समिति में कर लिया होगा। हमें नगद नहीं देना है। वस्तु चयन में चर्चा होती हैं। कार्यकर्ताओं की आवश्यकता भी समझते हैं, दानदाता को रिपोर्ट करने में भी हमारे प्रयास दिखाई देते हैं। संग्रह, ख़रीदी, वितरण, रिपोर्टिंग हर चरण हमें सावधानीपूर्वक करना है।

अपनी समिति की सभी बहनो को संग्रह का टार्गेट दें तो संग्रह सरल हो जाएगा व सबका जुड़ाव होकर ज़िम्मेदारी की भावना भी बनेगी।सभी के परिचय क्षेत्र अलग हैं अतः अलग अलग क्षेत्र में सम्पर्क होगा।

विभिन्न नगरों में हरि सत्संग समिति की बहने भी संक्रांति संग्रह कर रही हैं। अतः हरिसत्संग के पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं व रथ संचालकों को वे ही उपहार देंगी। संक्रांति फ़ॉर्म में थोड़ा परिवर्तन है। ध्यान से देख लें।

वनयात्राओं के लिए सभी का उत्साह देखकर गर्व होता है। ग्रामीण बच्चों के लिए इतना स्नेह, उन्हें नगर बुलाकर भ्रमण कराना हमारी समितियों का दूरगामी ममत्वभरा सोच है। खेल कूद प्रतियोगिताओं में महिला समिति ने जिस शिद्दत से ज़िम्मेदारी निभाई है प्रशंसनीय है। इसके बहुत अच्छे परिणाम भी आएँगे।

आप सभी को शुभकामनाएँ।
धन्यवाद सहित,

विनीता जाजू,
सचिव,
राष्ट्रीय महिला समिति

Editorial Board

Smt. Lata Malpani

Smt. Vinita Jajoo

Smt. Shobhana Paranjpye

Smt. Rashmi Chandak

Star Projects

Guwahati:
पंचगव्य आयुर्वेद कार्यशाला 6

Dhanbad:
वन में दीपोत्सव 8

Gaya:
'एकल जीवन शैली प्रदर्शनी' 10

Jamshedpur:
कुटीर उद्योग के प्रयास 13

Jaipur:
ग्रामीण बच्चों का जयपुर भ्रमण,
शबरी बस्ती में आत्मनिर्भरता 23

Indore:
भक्ति के रंग उत्सव के संग 29

Mumbai:
सार्वजनिक पार्क में प्रचार प्रसार 34

Bangalore:
दीया प्रकल्प व खेल कूद प्रतियोगिता 34

Erode:
'तम्बोला पे धन बोला' 41

Media Prabhari
Smt Anu Deora

दीपावली मिलन

डिब्रुगढ़ वनबंधु परिषद महिला समिति ने आयोजित की अंचल स्तरीय खेल प्रतियोगिता

वनबंधु परिषद डिब्रुगढ़ महिला समिति ने १६ अक्टूबर को संच से जीतकर आए ग्रामीण बच्चों के बीच खेलकूद का बृहद आयोजन किया, जिससे अंत मे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचकर खेलने का अवसर मिलेगा। जिला स्तरीय विजेताओं ने गुवाहाटी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

समिति ने १४ नवंबर को बाल दिवस पर २४ सदस्यों के साथ वनयात्रा की जिसमें मारवाड़ी महिला समिति की सदस्य भी शामिल हुईं। पूर्व के गतिविधि प्रमुख भी उपस्थित थे। बच्चों को खेल खिलाये गए व उपहार में स्कूल बैग तथा शिक्षण सामग्री दी गई।

Guwahati Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Vandana Bagaria

दीपावली मिलन समारोह

वनबंधु परिषद गुवाहाटी महिला समिती ने १५ अक्टूबर को मासिक सभा के साथ दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। एग्जीबिशन का पूरा विवरण एवं बचत की जानकारी दी गई और बचे हुए सामानो की सदस्यों द्वारा खरीदारी की गई। विभिन्न खेल एवं दीपावली तम्बोला का सभी ने भरपूर आनंद लिया। दीपावली लाटरी खेली गयी एवं उससे उपार्जित धन समिति को दिया गया। दो नये सदस्य जुडे और काफी अच्छी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही।

१४ नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे के उपलक्ष मे वन बंधु परिषद गुवाहाटी महिला समिती और लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी अर्पण ने मारवाड़ी हॉस्पिटल्स के सौजन्य से मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमे मधुमेह व रक्त जांच के साथ ही मधुमेह जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया, जिसमे १०० से अधिक गांव के लोगों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवा एवं कंबल दिए गए। जोनल चेयरपर्सन श्रीमती उमा जी देवड़ा ने प्रगत संच के कार्यकर्ताओं से कुटीर उद्योग के बारे में विचार विमर्श भी किया।

मेगा हेल्थ कैम्प

पंचगव्य आयुर्वेद कार्यशाला

गुवाहाटी महिला समिति ने २८ नवम्बर को विवेकानन्द हेल्थ ग्लोबल सेन्टर में माननीय श्री सुनील बालकृष्ण मानसिंहका जी केन्द्रीय मंत्री के साथ गोवंश के विकास एवं पंचगव्य आयुर्वेद के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में वनबंधु परिषद मातृशक्ति, भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद पूर्वोत्तर के सदस्य गण, महानगर के गतिविधि प्रमुख गण सभी की उपस्थिति रही। इसका संचालन विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा पंचगव्य आयुर्वेद चिकित्सा वैद्या श्रीमती ममता अमित मिश्राजी ने किया।

किसानों द्वारा दूध नहीं देने वाली गौवंश की कैसे रक्षा की जाये और उनके गोबर एवं गोमूत्र से किस तरह जीविका उपार्जन का साधन एवं विभिन्न रोगों की चिकित्सा संबंधी दवाओं, खाद, साबुन, मंजन इत्यादि निर्मित कर सकते हैं, उसकी जानकारी दी। गांवों में जाकर कुछ इच्छुक व्यक्तियो को चुनकर पहले प्रशिक्षण के लिये नागपुर भेजा जाए और वे प्रशिक्षण के बाद आकर गांव गाँव में लोगों को गोवंश रक्षण की सारी जानकारी दे, तभी यह कार्य आगे बढेगा एवं गोवंश की हम रक्षा कर सकते हैं। कार्यशाला काफी रोचक रही एवं सभी ने इसमें सहयोग की सहमति दी।

Media Prabhari
Smt Neeru

दीपावली मिलन

वनबंधु परिषद सिलचर महिला समिति ने अपनी मासिक सभा ३ नवंबर को दीपावली मिलन के रूप में की।
बहुत ही आकर्षक दीपावली तंबोला तथा विभिन्न खेल खिलाये गये, जिसमें विजेताओं को आकर्षक इनाम दिए गए। बाद में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लिया।

Dhanbad Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Premlata Agarwal

समन्वय बैठक

८-९ अक्टूबर को धनबाद अग्रसेन भवन हीरापुर में एकल समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर झारखंड के धनबाद भाग के ११ अंचलों से सेवाव्रत्ति, भाग, संच समितियां एवं चैप्टर और महिला समिति ने भाग लिया। कोलकाता से शांताजी सारड़ा, राँची से रेखाजी जैन तथा उषाजी जालान और जमशेदपुर से चेतनाजी का आगमन हुआ।
इस अभूतपूर्व आयोजन में ग्राम और नगर का अद्‌भुत संगम हुआ।

वन में दीपोत्सव

समिति द्वारा संचालित बलियापुर सिलाई केंद्र में ८० छात्राओं के साथ महिला समिति ने १८ अक्टूबर को दीपोत्सव मनाकर आनंद लिया।
छात्राओं ने सुंदर रंगोली तथा दीपों से दिन में दीपावली कर दी। नृत्य, संगीत व अंताक्षरी से वातावरण झूम उठा।
सबने मिल जुलकर जलपान का आनंद लिया। बहुत ही आल्हादित करने वाला उत्सव प्रयोजन था।

Dhanbad Mahila Samiti

दीपावली मिलन

२१ अक्टूबर को समिति ने दीपावली मिलन का आयोजन किया। मनोरंजक गेम में शामिल होकर प्रतिभागियों ने उपहार पाया। अध्यक्ष आरतीजी मित्तल ने सभी को शुभकामनाएं दी तथा इस दीपावली को इको फ्रेंडली तरीके से मनाने के लिए गोबर के दीये जलाने को प्रेरित किया।

बाल दिवस

महिला समिति की ओर से ७ सदस्यों ने गोविंदपुर संच गुलामोर गांव में बाल दिवस के उपलक्ष में खेलकूद उत्सव मनाया जहां ३ गांव से एकल के १०० व अतिरिक्त ८० बच्चे थे।

महिला समिति ने बच्चों के मध्य अनेक प्रतियोगिताएं कराई जिसमें ५० मीटर दौड़, चम्मच गोली दौड़, जलेबी दौड़, तीन पैर की दौड़ तथा १०० मीटर दौड़ शामिल थीं।

बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा सभी बच्चों के मध्य मिठाई और पेंसिल बॉक्स का वितरण किया।

समिति, कार्यकर्ताओं और आचार्यों ने साथ में वनभोज का आनंद भी उठाया। कार्यक्रम ने सभी को अभिभूत कर दिया।

Media Prabhari
Smt Premlata Agarwal

एकल जीवन शैली प्रदर्शनी

८ अक्टूबर को क्रियान्वित 'गया एकल जीवन शैली प्रदर्शनी' बहुत ही अच्छी रही। ओम के उच्चारण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्रीमती सुशीला डालमिया तथा सिस्टर रोजलीन ने भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्हें व प्रदर्शनी के लिए अथक मेहनत करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में कुल २० स्टाल थे। बडी संख्या में उपस्थित लोगों का मेल मिलाप भी बहुत अच्छा रहा। विविध प्रकार के खेल तथा तंबोला खिलाया गया। बहुत ही सुंदर कार्यक्रम हुआ।

ग्राम में दिवाली

महिला समिति के ४ सदस्य व २ अतिथियों ने १८ अक्टूबर को जिगटीया गांव, परैया संघ, गया अंचल में बच्चों तथा अध्यापिकाओं एवं ग्रामीण भाई बहनों के साथ दिवाली का उत्सव मनाया। भारत माता तथा सरस्वतीजी की पूजा, पूजन सामग्री का वितरण तथा ॐ के उच्चारण से कार्यक्रम का आरम्भ हुआ। बच्चों ने कविताएं सुनी व अन्य बहुत जानकारी ली। पूरा कार्यक्रम बहुत ही आनंददायक था।

Gaya Mahila Samiti

बाल दिवस:

१५ नवंबर को गया संच पुरवइया के फुलवारी गांव में महिला समिति ने बाल दिवस मनाया। टीम में ६ सदस्य तथा २ अतिथि थे।

ॐ के उच्चारण से बाल दिवस का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बच्चों के साथ खूब आनंद आया। बच्चों से कविताएं एवं पहाड़े सुने।

उन्हें स्कूल बैग, केक, बिस्कुट, जूस, टॉफी आदि का वितरण किया। कार्यक्रम में बहुत ही आनंद आया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। लौटते वक्त एक जगह रुक कर पिकनिक भी मनाई गयी।

Media Prabhari
Smt Nivedita Bernwal

वनयात्रा व मेडिकल कैंप:

१६ अक्टूबर को पटमदा संच के बेलडीह विद्यालय गांव में वनयात्रा के साथ निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। २५१ मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर दवा दी गई।

६ नवंबर को डुमरिया संच के भूरलूकोला ग्राम में वन यात्रा के साथ मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। २१६ मरीजों का दवा देकर इलाज किया गया।

२७ नवम्बर को मुसाबनी संच के जोतिनडीह विद्यालय गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। १७४ मरीजों की निःशुल्क चिकित्सा तथा दवा वितरण किया गया।

सभी कैम्प में टीम में ४ डॉक्टर्स व ४ मेडिकल स्टूडेंट्स थे। गाँववासी बहुत ही उत्साहित थे। बुज़ुर्गों ने सभी को बहुत आशीर्वाद दिया।

वनयात्रा संग दिवाली मिलन:

२८ अक्टूबर को घाटशिला संच के बनकटी और नूतनडीह विद्यालय गांव में वन यात्रा में दिवाली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिला समिति से राष्ट्रीय महिला समिति वन यात्रा प्रभारी चेतनाजी कांवटिया और पुष्पा जी अग्रवाल ने अपने पूरे परिवार और १० सखियों के साथ विद्यालय में दिवाली मनाई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि महिला समिति ने गांव की महिला समिति के साथ मीटिंग की, जिसमें विशेष रूप से गांव में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

Jamshedpur Mahila Samiti

वनयात्रा संग दिवाली मिलन:

महिला समिति ने अपने सभी सदस्यों के साथ सपरिवार २ नवंबर को दीपोत्सव मनाया। काफी अच्छी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही। समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने अपने वक्तव्य के द्वारा सब का उत्साहवर्धन किया। मनोरंजक खेल, सुस्वादु व्यंजन और लाइव बैंड का सब ने आनंद लिया। मेडिकल कैंप में महिला समिति के साथ सहयोग करने वाले सभी डॉक्टरों को सम्मानित किया गया।

एग्जिबिशन:

समिति ने ४ नवम्बर को बेलडीह क्लब में एक एग्जीबिशन में अपना स्टॉल लगाया, जिसमें एकल हल्दी, सरसों तेल, घी, शहद और आचार आदि सामग्री थी। एक स्टैंडी भी लगाई गई थी, जिसमें एकल हल्दी के गुणों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस एग्जीबिशन में करीब ४ से ५ हजार लोगों के बीच हमारे उत्पादों का अच्छा विक्रय और प्रचार हुआ।

कुटीर उद्योग के लिए प्रयास:

जमशेदपुर महिला समिति की सदस्याएं कुटीर उद्योग के कार्य को शुरू करने के लिए १४ नवंबर को काकेंडीह गांव गई। महिला समिति की अध्यक्ष नीलमजी केडिया, सचिव ममताजी बाकरेवाल और रचनाजी खंडेलवाल ने वहां पहुंचकर महिलाओं से बात की। अपने कुछ सैंपल दिखाए और उन्हें डाइनिंग मैट, क्रोशिया की वॉल हैंगिंग, रोटी रखने की डिजाइनर टोकरी आदि सामान का सैंपल तैयार करने को प्रेरित किया। इसके लिए ५ से ७ महिलाओं की अलग-अलग टीम बनाई गई है। ग्राम महिला समिति अध्यक्ष सुश्री पुष्पाजी को इन सब कार्यों की देखभाल का ज़िम्मा दिया गया।

सुन्दरकाण्ड:

२५ वर्षों से अनवरत चल रहे मासिक सुन्दरकांड पाठ के अंतर्गत एकल परिवार द्वारा नवंबर महीने में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रीमती शांताजी सारड़ा के निवास पर आयोजित सुन्दरकांड पाठ को सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पधारे। सुन्दरकाण्ड के पश्चात् परम श्रद्धेय राष्ट्रसंत स्वामी गोविन्द देव गिरिजी महाराज ने भक्तों को आशीर्वचन दिया। सुन्दरकांड पाठ के बाद प्रसादी थी। अक्टूबर महीने में भी सुंदरकांड का पाठ किया गया।

एकल की उड़ान

पश्चिम बंगाल में एकल विद्यालयों के बच्चों के लिए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 'एकल की उड़ान' का आयोजन दिनांक १० से १२ नवम्बर को कोलकाता में किया गया। संच और अंचल स्तर के खेलों के विजेता बच्चों ने इसमें हिस्सा लिया। कोलकाता महिला समिति की सभी सदस्याओं ने सक्रिय रूप से भाग लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।

दिवाली मिलन

समिति द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वर्तमान सदस्यों के अलावा अनेक पुराने सदस्यों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में तम्बोला, मनोरंजक खेल, संगीत आदि का सदस्यों ने खूब आनंद लिया। सर्वश्रेष्ठ परिधान पुरस्कार के अलावा लकी ड्रा में भी महिलाओं ने पुरस्कार जीते। पुराने सभी सदस्यों ने समिति के साथ जुड़े रहकर अपना योगदान व जिम्मेदारियों को वहन करने की पहल की। कार्यक्रम बेहद सफल रहा।

Media Prabhari
Smt Neeta Goel

शबरी बस्ती में आंखों की जांच

९ अक्टूबर को पटना महिला समिति द्वारा शबरी बस्ती के करीब १५० लोगो की आंखें जांच करवा कर पुराने चश्मे के फ्रेम दिए गए।

दिवाली मिलन

१४ अक्टूबर को दिवाली मिलन का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। तकरीबन ६० सदस्याओं की उपस्थिति रही।

२८ अक्टूबर को छठ महापर्व के अवसर पर २५१ सूप में साड़ी, नारियल और पूजन सामग्री रख कर वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में भी करीब ४० सदस्याओं की भागीदारी रही।

गौशाला में चारा व्यवस्था

३१ अक्टूबर को दानापुर की गौशाला में जहां बूढ़ी और अशक्त गाय रहती है, चारा की व्यवस्था की गई।

बाल दिवस

१४ नवंबर बाल दिवस पर पटना महिला समिति द्वारा मां वैष्णो देवी ब्लड सेंटर के साथ मिलकर थैलेसीमिया पीड़ित ३५० बच्चों की HLA जाँच करवायी गयी। सभी बच्चों को टिफिन, पानी की बोतल व अन्य सामग्री भेंट दी गई। माता का भजन कीर्तन भी हुआ।

कन्या विवाह:

पटना महिला समिति द्वारा १७ नवंबर को मासिक बैठक में ४ गरीब कन्याओं के विवाह के लिए सामान दिया गया। सभी कन्याओं के परिवार वाले तथा इस पुनीत कार्य में सहयोग करके समिति सदस्यों ने बहुत खुशी का अनुभव किया।

Ranchi Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Anita Tulsyan

On 18th October, Ranchi Mahila Samiti did a project of spreading awareness about Ekal among friends.

'दीप से दीप जले; और...
वनवासी शिक्षा की लौ बढते चले।'

On 20th October, distribution of old clothes, cookies and food items in Ranchi was done by Mahila Samiti Ranchi.

On 23rd October, on the occasion of Dhanteras; crackers, sweets, toffees and biscuits were sent to the children of Sonahatu.

The happy faces of the children who received these gifts was a source of joy and satisfaction to us too.

On 13th & 14th November, Samanway varg was conducted and attended by Samiti members.

On 20th November, distribution of pizza and cream roll to the kids of 'Children's Home, MAHI' was done by the Mahila Samiti. The children had tasted pizza for the first time and thoroughly enjoyed every bit of it.

Media Prabhari
Smt. Shalini Garg

वन बंधु महिला समिति आगरा ने २४ नवंबर २०२२ को भरतपुर अंचल के गांव की वन यात्रा की।

वन यात्रा

चुनरी मनोरथ

वन बंधु महिला समिति आगरा ने ६ नवंबर को मथुरा जाकर चुनरी मनोरथ का कार्यक्रम किया, जिसमें ५० महिलाओं ने भाग लिया।

Jaipur Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Meena Khandelwal

दिवाली मिलन समारोह व सदस्यता विस्तार

वन बंधु परिषद जयपुर चैप्टर, महिला समिति व सखी संगम का संयुक्त दिवाली मिलन समारोह ११ अक्टूबर को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महिला समिति की २५ सखियों ने वीना मोदानी जी के कुशल नेतृत्व में पांच दिवसीय कार्यशाला में राजस्थानी नृत्य शैलियां सीखकर आकर्षक राजस्थानी नृत्यों की प्रस्तुति दी। घूमर, वैवाहिक नेगचारों पर आधारित लोकनृत्यों ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक राजस्थानी पोशाकों में सजी सखियों ने राजस्थान की लोक संस्कृति को जीवित करके, पर्वों के उल्लास को द्विगुणित कर दिया। चैप्टर के सदस्यों द्वारा पुराने फिल्मी गीतों की सुमधुर प्रस्तुति का सबने भरपूर आनंद लिया। शबरी बस्ती के बच्चों द्वारा बनाए गए दीपकों की बिक्री भी रखी गई। इस कार्यक्रम में १६० सदस्य, दानदाता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान २१ नये सदस्य जुड़े, जिनमें से ८ लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर ही सदस्यता की स्वीकृती की। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जोनल सचिव श्रीमान योगेशजी बिरला जोधपुर से उपस्थित रहे।

Jaipur Mahila Samiti

दीपावली स्नेह मिलन

जयपुर महिला समिति के सखी संगम ग्रुप द्वारा १४ अक्टूबर को दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदस्यों द्वारा दीपावली उत्सव से संबंधित खेल एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंग बिरंगे दीपों से सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया।

सखी संगम

१६ अक्टूबर को सखी संगम के कार्यक्रम में सदस्य अलका महेश्वरी ने 'सुजॉक थेरेपी' के दैनिक जीवन में लाभ पर छोटी सी प्रस्तुति दी। एकल पर आधारित पहेली व एक विशेष खेल रखा गया। सभी सदस्यों ने बहुत ही आनंद एवं उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रीतिजी बाहेती की पोती ने बताया किस तरह उनके परिवार के बच्चे स्कूल जाने के पहले रोज सेवा पात्र इसी सोच से पैसे डालते हैं कि जैसे वे स्कूल जा रहे हैं, यह पैसा ग्रामीण बच्चों के उपयोग में आएगा। इस बात का एक छोटा सा प्रात्यक्षिक भी दिया गया।

जयपुर समिति का ५० सदस्यों तक पहुंचने का लक्ष्य पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में सखी संगम के ४ नए सदस्य बने एवं उन्होंने संस्था की सदस्यता भी ग्रहण की।

गोपाष्टमी

१ नवंबर को गोपाष्टमी के पावन दिन महिला समिति के साथी एवं सखियों ने अपने परिवार सहित श्री कृष्ण गोपाल गौशाला में गायों का पूजन किया एवं उन्हें अपने हाथों से गुड व चारा खिलाकर, गायों के प्रति प्रेम, श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त की। पिछले साल फरवरी में भी समिति ने इसी गौशाला में गौशाला भ्रमण एवम् पिकनिक का आयोजन रखा था। अन्नकूट प्रसादी का भी सभी ने आनंद लिया।

ग्रामीण बच्चों का जयपुर भ्रमण

१४ नवम्बर को बाल दिवस पर एकल के बच्चों का जयपुर दर्शन एवं भ्रमण जयपुर चैप्टर एवं महिला समिति ने आयोजित किया। अलवर अंचल से दो एकल के विद्यालय के २५ छात्र एवं छात्राएं अपने आचार्य एवं ग्राम प्रमुख के साथ जयपुर भ्रमण के लिए आए। कई बच्चे प्रथम बार शहर आए। इस कार्यक्रम को तीन पड़ाव में बांटा गया था। प्रथम पड़ाव - जल महल, द्वितीय पड़ाव - अल्बर्ट हॉल, एवं तीसरा पड़ाव - नेहरू बाल उद्यान। तीनों ही पड़ावों पर महिला समिति के अनेक सदस्य आए और उन्होंने बच्चों की देखभाल की और उनके साथ समय व्यतीत किया। बस द्वारा बच्चों को आमेर, जल महल, हवा महल, अल्बर्ट हॉल म्यूज़ियम, बिरला मंदिर, अमर जवान ज्योति और अंत में नेहरू बाल उद्यान आदि सभी जगहों पर बस रोककर इन दार्शनिक स्थलों के बारे में बताया गया एवं फोटोग्राफी की गई । महिला समिति की कर्मठ सदस्य मायाजी बोथरा बस में बच्चों के साथ पूरे समय मार्गदर्शक के रूप में रही। आखिरी पड़ाव नेहरू बाल उद्यान में बच्चों ने टॉय ट्रेन सफर का आनंद लिया और वहीं पर सभी समिति के सदस्यों के सामने बच्चों ने गीत, नृत्य, कविता आदि की १५ मिनट की प्रस्तुति दी। बच्चों को स्कूल बैग एवं स्वेटर भेंट स्वरूप दिए। ग्राम प्रमुख एवं आचार्यों को शॉल भेंट की गई। समिति अध्यक्ष सविता कोठारी ने स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। चैप्टर अध्यक्ष ज्योतिजी ने बच्चों को आशीर्वचन दिया। इस अवसर पर हमें २ विद्यालयों के लिए अनुदान की भी प्राप्ति हुई। कार्यक्रम की संयोजिका एवं स्पॉन्सरर श्रीमती अनीताजी टोंगिया ने बहुत ही मन से बच्चों के बस, भोजन, नाश्ता एवं सभी भेंट की व्यवस्था की।

शबरी बस्ती में कला के साथ साथ आत्मनिर्भरता

समिति की ओर से २८ नवम्बर को सेन कालोनी शबरी बस्ती में सरिताजी काबरा ने बस्ती के बच्चों एवं महिलाओं को, अखबार से, बिना गोंद का इस्तेमाल किए २ प्रकार की थैलियां बनाना सिखाया, साथ ही बस्ती की महिलाओं को सफाई के प्रति जागरूक रहने के लिए भी बताया व बोतल में भर के घर में प्लास्टिक की थैलियों को कैसे इस्तेमाल किया जाए यह जानकारी प्रदान की।

रसोई में उपयोग आने वाली सब्जियों एवं फलो के छिलकों से पौष्टिक खाद बनाना भी बताया गया।

दीपावली उत्सव पर दीपक बनाने वाले व गणेश उत्सव पर कविता, कहानी सुनाने वाले बच्चों को उपहार भेंट किये गए।

अध्यक्षा महोदया ने बस्ती के सदस्यों से कागज़ द्वारा थैलियां बनाने के लिए कागज़ उपलब्ध कराना एवं बनी हुई थैलियां उनसे वापस खरीदने की बात कही, जिससे बच्चो में कला के साथ साथ आत्मनिर्भरता भी आए। साथ ही श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया।

Media Prabhari
Smt. Jyoti Birla

राज्य स्तरीय सकल दुर्व्यवहार सम्पन्न

दैनिक नवज्योति 1 नवंबर

Khel Kud Partiyogita (खेलकूद प्रतियोगिता):

In order to celebrate Childrens' Day a distinct Khel Kud Pratiyogita (खेलकूद प्रतियोगिता), an event dedicated to all Ekal Kids was organized and hosted by Jodhpur Mahila Samiti along with Jodhpur Chapter.

About 400 children from various Ekal Vidyalayas with 85 teachers and Karyakartas participated in this two day event held in Jodhpur. Various Sports activities and competitions like Kabaddi, Kushti, 600 mtr Race, Long Jump etc. were conducted for the students of Ekal Vidhlayas.

Jodhpur Mahila Samiti and Chapter actively participated in making this event a great success.The winners were awarded with prizes and all other kids who participated in this event were presented with useful gifts. The news of this event was covered by all the prominent newspapers of Jodhpur. Ekal kids witnessed a warm welcome by the Nagar Sangathan and were guided by them to learn sportsmanship and many other values.

On 14th November, Children's Day was celebrated with the students of Seva Bharti. This was organised by Jodhpur Samiti who hosted dinner for all the 65 students who stay and study in Seva Bharti. The members briefed them about the education of tribal children by Vanbandhu Parishad.

Ahmedabad Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Shilpa Parasrampuria

Diwali Meet:

Ahmedabad Mahila Samiti organized a Diwali meet on 18th November. On this occasion AMC Councilor Srimati Pratibha Jain was the chief guest. Srimati Gita Kabra spoke about Samiti's permanent project 'Ekal kids Library' and requested the members to actively participate in the project. Past president Urmilla Kalantry spoke about the importance of Sakranti contribution. The members bonded over games and lunch.

Tulsi Vivah:

On 8th Nov Tulsi Vivah was celebrated by the Mahila Samiti with great pomp and gaiety. The Samiti members beautifully adorned Shaligramji and took out his marriage procession. Panditji performed the pheras and the members lit 51 diyas. The money collected for the event will be donated to Ekal schools.

Bhopal Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Anupama Sharma

भोपाल महिला समिति द्वारा दिनांक १८ अक्टूबर को नवरात्रि, शरद पूर्णिमा, करवा चौथ आदि उत्सवों को संयुक्त रूप से मनाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बहनें त्यौहारों की विशेष वेश-भूषा में उपस्थित हुईं एवं धार्मिक गीतों पर गरबा एवं नृत्य किए। साथ ही भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू धर्म पर विभिन्न प्रश्न पूछे गए एवं विविध खेल खिलाए गए।

Media Prabhari
Smt Onila Shinde

ग्वालियर महिला समिति द्वारा, २६ एवं २७ नवम्बर को मध्य संभाग के १२ अंचल मुरैना, डबरा, दतिया, श्योपुर, भितरवार, होशंगाबाद, बुरहानपुर, इंदौर, शिवपुरी, खंडवा आदि की खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्वालियर में किया गया। यह प्रतियोगिता LNUIPE फिज़ीकल कॉलेज में, जो कि पूरे भारत में खेलों की दूसरी सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है, आयोजित की गयी।

इस अवसर पर ३५० प्रतिभागी बच्चे एवं १०० अंचल सदस्यो की भागीदारी रही। मुरैना एवम् डाबर अंचल द्वारा सबसे श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया एवम् बच्चों का उत्साह देखने योग्य था। बच्चों के लिए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। साथ ही सहभोज का आनंद लिया गया। पाँच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उँची कूद, लंबी कूद, दौड़, कुश्ती, कबड्डी में बच्चों ने भाग लिया।

महिला समिति द्वारा सभी टीमों का २५ नवम्बर से शाम ४ बजे से रात्रि २ बजे तक रजिस्ट्रेशन किया गया एवं २६ नवम्बर को प्रातः ६ बजे से भी किया गया।

खेलों की शुरुआत शंखनाद एवं गुब्बारों के गुच्छे अतिथियों द्वारा आसमान में उड़ाकर की गई। ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया एवम् सभी मुख्य अतिथियों को गोमय गाय कृष्ण की तस्वीर भेंट की गई। अतिथियों में खेमानन्दजी, रामेश्वर दयालजी, इंदौर से अतुल अग्रवालजी एवं अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को पदक पहनाए गए, सभी प्रतिभागियों को ट्रोफी, सर्टिफिकेट एवं स्कूल बैग दिए गए तथा सभी अंचल सदस्यों एवं LNUIPE के संरक्षक को भी बैग्स दिए गए।

करीब ५०० लोगों का दो दिवसीय नाश्ता, भोजन एवम् खेल कूद का आयोजन जिसमें करीब १० लाख का व्यय था, जो सभी के सहयोग द्वारा पूर्ण रूप से आयोजित किया गया।

Media Prabhari
Smt Meena Garg

वैचारिक मंथन:

६ अक्टूबर को इंदौर सखी संगम में 'वैचारिक मंथन' (कुछ तुम कहो कुछ हम सुने) का एक बहुत ही रुचिकर आयोजन हुआ, जिसमें पाँच गुट बनाए गए। प्रत्येक गुट का एक नेता निर्धारित कर विभिन्न विषय व दस मिनट का समय दिया गया विचार मंथन के लिए। हर नेता ने दो मिनट में अपने गुट के विचार सबके सामने प्रस्तुत किए। सभी गुटों को एक एक निरीक्षक भी देख रहा था। तत्पश्चात् पूरे विषयों की समीक्षा की गयी। विचारों के आदान-प्रदान का यह अच्छा अवसर था। दशहरे पर आधारित तंबोला खिलाया गया। सुस्वादु भोजन का आनंद हर प्रोग्राम का अभिन्न अंग है।

'भक्ति के रंग उत्सव के संग':

महिला समिति ने ८ अक्टूबर को 'भक्ति के रंग उत्सव के संग' कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के साक्षी १४०० लोग थे। सभी दानदाताओं के सम्मान के पश्चात वृंदावन से पधारे ध्रुवजी एवम् स्वर्णाजी शर्मा के मंत्रमुग्ध करने वाले भक्तिरस गायन का आरम्भ हुआ। नाट्यगृह वृंदावन धाम सा कृष्णमय हो गया था। भक्ति रस की यह बहुत ही अनूठी प्रस्तुति थी। इस अद्भुत, अविस्मरणीय कार्यक्रम के दौरान १५० विद्यालय का सहयोग प्राप्त हुआ। १५ नए सदस्य भी बने।
श्रोताओं को वनबंधु परिषद के कार्यों व कार्यशैली की जानकारी दी गई।
महिला समिति इस अकल्पनीय सफलता से आकंठ आनंदित थी।

दीपावली मिलन:

इंदौर सखी संगम में ३ नवम्बर को दीपावली मिलन आयोजित किया।

सर्वप्रथम सदस्यों ने 'अयोध्या में राम के राज्याभिषेक व मंथरा कैकई संवाद' एवम् 'दीपावली का रूप परिवर्तन, जिसमें आजकल सोशल मीडिया पर तो शुभकामनाओं का अंबार रहता है परंतु परस्पर मेल मिलाप कम हो गया है' आदि विषयों को लेकर लघु नाटिकायें प्रस्तुत कीं, जिन्हें बहुत पसंद किया गया।

सभी सदस्यों को दीपावली के अवसर पर एक सुंदर उपहार दिया गया।

बहुत ही आकर्षक दीपावली बोनस तंबोला खिलाया गया, जिसमें आकर्षक और कीमती उपहार दिए गए। अंत में सभी ने सुस्वाद भोजन का आनंद लिया।

Media Prabhari
Smt Aruna Lahoti

वनयात्रा:

१३ नवंबर को महिला समिती पुणे व युवा समिति के कुल १७ सदस्यों के द्वारा नारायणगाँव अंचल के फांगळ गव्हाण गाँव की वनयात्रा की गयी।

नवंबर २०२२ को नागपुर में संपन्न दो दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में दौड, लम्बी कूद, ऊंची कूद और कबड्डी, इन चार खेलों में नारायणगाँव अंचल के १२ बच्चों ने भाग लिया था जिनमें से ४ बच्चों ने स्वर्ण, २ बच्चों ने रजत तथा १ बच्चे ने कांस्य पदक जीता था। बच्चों की यह उपलब्धि गौरवपूर्ण तथा अत्यंत सराहनीय है।

उनका सम्मान करने व हौसला बढाने हेतु पुणे महिला समिती से राष्ट्रीय महिला समिती की पश्चिम भाग सचिव अंजलीजी तापडिया तथा पुणे महिला समिती की वनयात्रा प्रभारी वृंदाजी जोशी गाँव फांगळ गव्हाणे गये।

नारायण गाँव के कार्यक्रम में प्रमुख सेवावृति कार्यकर्ता २० बच्चों के साथ उपस्थित थे। समिती का स्वागत किया और खेलकूद स्पर्धा के बच्चों से सभी का परिचय भी कराया गया।

पुणे चैप्टर महिला समिती की तरफ से सम्मान पत्र तथा कुछ पुस्तकों का वितरण हुआ।

युवा समिती अध्यक्ष श्री दिनेश जी मुंदडा ने कुछ चित्रों पर बच्चों को स्केच पेन दे कर रंग भरने के लिये कहा। बच्चों को युवा समिती की तरफ से स्कूलबैग तथा पुस्तकें भेंट स्वरूप दी गयी।

विजेता बच्चों को आवश्यक मार्गदर्शन के साथ आगामी उच्चस्तरीय स्पर्धा के अभ्यास हेतु, जूते भी खरीद कर दिये गये। सभी ने भोजन का आनंद लिया। महिला समिती की तरफ से दो महिला शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

Media Prabhari
Smt Sadhna Mundra

नवरात्रि में डांडिया का आयोजन:

वनबंधु परिषद मुंबई महिला समिति ने नवरात्रि में डांडिया का आयोजन किया। सभी ने अपने मित्रों के साथ बहुत उत्साह से भाग लिया।

मुंबई चैप्टर के साथ समिति द्वारा १६ अक्टूबर को दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ११० सदस्य व अतिथि उपस्थित थे।

वनबन्धु परिषद की कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी के साथ ही अनेक तरह के बैनर लगा कर प्रचार व प्रसार किया।

प्रचुर मात्रा में एकल विद्यालयों के लिए अनुदान भी एकत्रित हुआ।

मुंबई महिला समिति द्वारा नवम्बर में भी दीपावली मिलन का आयोजन किया गया। महिला समिति से कुल २५ सदस्य उपस्थित थे।

दीपावली मिलन:

नए सदस्यों को समिति ने वनबन्धु परिषद की कार्यप्रणाली की जानकारी दी व सभी ने आपस में विचार विमर्श कर संगठन की भावना को सुदृढ़ किया। साथ ही बैनर लगा कर प्रचार व प्रसार भी किया। २२ विद्यालय का अनुदान मिला। ऊषाजी लोहिया व सुमनजी माहेश्वरी ने ११ -११ विद्यालयों का सहयोग किया।

वनयात्रा:

समिति ने १९ नवम्बर को युवा समिति के २ सदस्यों व NM कॉलेज के ३० छात्रों के साथ परली और ग़रगाँव संच वाडा के अंतर्गत दो विद्यालय की वनयात्रा की। सभी छात्रों ने बच्चों के साथ ग्राम की दीवारों पर प्रेरणादायी बोधवाक्य रंग कर के लिखे। कॉलेज के छात्रों ने बच्चों के साथ बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। शहर के छात्रों ने ग्रामीण छात्रों के साथ लोक नृत्य कर गाँव की परंपरा को जाना। सभी ने GRC केंद्र में सिलाई केंद्र व कम्प्युटर केंद्र द्वारा दी जाने वाली शिक्षा के माध्यम से गाँव वासियों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना की सराहाना की। जैविक खेती की जानकारी हासिल की। नागपुर में आयोजित खेल स्पर्धा में पदक हासिल करने वाले दो छात्रों को महिला समिति ने सम्मानित किया।

सार्वजनिक पार्क में प्रचार प्रसार:

महिला समिति के सदस्यों ने चौपाटी बेंड स्टेंड जाकर वहाँ पर चल रही अलग अलग सामुहिक क्रियाकलापों में शामिल हो कर वन बंधु परिषद के बारे में जानकारी दी। साथ ही अपने बैनर लगा कर प्रचार प्रसार किया। परिणाम स्वरूप कुछ लोगों ने प्रेरित हो वन यात्रा के लिए जाने की उत्सुकता दिखाई जिसे शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। सेवा पात्र में भी संग्रह मिला।

जेष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित हास्य शिविर में शामिल हो कर समिति सदस्यों ने उनके साथ व्यायाम किया व सभी गतिविधियों में हिस्सा लेकर दिन की अच्छी शुरुआत की।

Surat Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Shweta Jaju

पारिवारिक स्नेह मिलन:

वनबंधु परिषद सूरत महिला समिति युवा एवं नये सदस्यों का सम्पर्क प्रगाढ़ करने के उदेश्य से ७० सदस्यों का एक पारिवारिक स्नेह मिलन 'चाय पर चर्चा-अपनों के साथ' आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से १५ नये सदस्य संस्था से जुड़े।

श्रीनारायणजी पेड़ीवाल व विजयाजी कोकरा ने एकल की जानकारी देते हुए स्नेहमिलन आयोजन का उद्देश्य बताया।

एकल युवा नकुल राठी एवं मंथन देसाई ने एकल के आयामों, वनवासी क्षेत्र और शहर की शबरी बस्तियों में किये जानेवाले कार्यों के बारे में बताया। उपस्थित सदस्यों के ग्रुप्स बनाकर मनोरंजक गेम्स खिलाये गए। सभी ने गेम्स का भरपूर आनन्द उठाया। इस आयोजन से नगर संगठन के चैप्टर सदस्यों का आपसी सौहार्द प्रगाढ़ हुआ।

एकल रास गरबा:

महिला समिति ने एकल रास गरबा का आयोजन ४ ऑक्टोबर को किया जिसमें समिति की अनेक बहनों ने भाग लिया। चैप्टर व एकल युवा के गणमान्य सदस्य भी उपस्थित थे। अध्यक्ष अशिताजी नांगलिया ने बताया कि वनवासी समाज की वास्तविकता से शहरीजनों को परिचित कराने और नगर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महिला शाखा द्वारा जनजागृति के अनेक कार्यक्रम सम्पन्न किये जाते है।

इस कार्यक्रम में महिला पुरूष सहित ३०० लोगों ने भाग लेकर खूब आनंद लिया। कार्यक्रम दोपहर में ३ बजे दीप प्रज्वलन के साथ आरम्भ होकर शाम ७ बजे तक चला। रास गरबा मे अनेक भाई-बहनों को प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट भेंट किये गये। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए रुचकर भोज की भी व्यवस्था थी।

वनवासी महिलाओं को आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण:

वनबंधु परिषद सूरत महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती आशिता नांगलिया, श्रीमती पन्ना अग्रवाल, श्रीमती मुक्ता कनोडिया और श्रीमती कल्पना झूटवाला ने ग्रामीण वनवासी महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने हेतु १७ नवंबर को GRC सोनगढ पर प्रवास कर सोनगढ के नजदीकी वनवासी गांवों की महिलाओं को गाय के गोबर से बड़कुले, पूजा के लिए रुई की बाती बनाने का प्रशिक्षण दिया।

सोनगढ ग्रामोत्थान केंद्र में गौ आधारित खेती का निरीक्षण भी किया, जिसमें अभी ऑर्गेनिक हल्दी, पपीता, कसूरी मेथी की फसलें लगाई गई हैं।

गौशाला में गौ दर्शन कर गऊओं को प्रसाद भी खिलाया।

Bangalore Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Anita Jain

दीया प्रकल्प

बैंगलोर महिला समिति ने दीपावली के अवसर पर 'दीया प्रकल्प' में एकल गांव द्वारा निर्मित क़रीब ५००० दीपक मंगवाये। एकल विद्यालय के बच्चों, समिति की सदस्यों और उन के कुछ नाती पोतीयों ने उन्हें रंगों से सजाने में भरपूर योगदान दिया। बाद में पैकिंग कर IVF द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में उचित मूल्यों पर दीपकों का विक्रय किया गया। स्टाल में दीयों के अलावा एकल उत्पादित अन्य सामान भी रख कर एकल अभियान का प्रचार भी किया गया। दीया प्रकल्प के द्वारा लगभग १८०००/- रु. का लाभ हुआ। इस एकत्रित धनराशि को एकल विद्यालय के गुणवत्ता के उत्थान में उपयोग किया जाएगा।

चैप्टर ओरिएंटेंशन कोर्स

वनबंधु परिषद के दक्षिण प्रभाग के सभी ८ चैप्टर की बैठक १९-२० नवंबर को चैप्टर एवं महिला चेप्टर बैंगलौर के सानिध्य में आयोजित की गई, जिसमे चैप्टर ओरिएंटेंशन कोर्स (सी ओ सी) प्रोग्राम में महिला समिति सदस्यों ने भी भाग लिया।

खेल कूद प्रतियोगिता:

२२ नवम्बर को बेंगलुरु महिला समिति की अध्यक्ष बबीता अग्रवाल व ७ सदस्यों ने चामराज नगर के महादेश्वर गाँव में वनयात्रा की जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के साथ खेल कूद प्रतियोगिता के माध्यम से बाल दिवस मनाना था। दीप प्रज्वलित कर ओम-कार के साथ प्रतियोगिता आरम्भ हुई। सभी बच्चों को एक जैसी टोपियां पहना देने से बहुत सुंदर माहौल तैयार हो गया।

१० एकल विद्यालय से आए ८० छात्रों को लड़के व लड़कियों तथा जूनिअर और सीनिअर अलग अलग श्रेणी में बाँटा गया। मुख्यतः १२ तरह की प्रतियोगिता रखी गई थी। जैसे ५०, १०० और २०० मीटर की दौड़, कबड्डी, शॉट पुट, लंबी कूद आदि। प्रथम चरण में कबड्डी का खेल बहुत ही रोचक व रोमांचक रहा, जिसके बाद उपस्थित सभी जनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और समिति द्वारा लाया गया जूस व नाश्ता लिया।

द्वितीय चरण में बाक़ी की दौड़ व खेल सम्पन्न हुए। बच्चों की चपलता व स्फूर्ति देखते ही बनती थी और उससे भी अधिक समिति महिलाओँ का उत्साह - जो शायद इन सब खेलो का साक्षात् आनंद, अपने छात्रकाल के वर्षों बाद आज उठा रही थी। प्रतियोगिता सुचारु रूप से हो इसके लिए वे स्वयं पूरे समय मैदान में मुस्तैदी से तैनात थी।

खेल के समापन पर थक कर सबने सुस्वादु भोजन का आनंद उठाया, जिसकी व्यवस्था भी महिला समिति ने अपनी ओर से की थी।

तत्पश्चात् बच्चों ने जोशीले देशभक्ति और एकल गीत प्रस्तुत किए। पुरस्कार समारोह के अंतर्गत सभी प्रतियोगियों को सर्टिफिकेट और विजेताओं को स्वर्ण, रजत व कांस्य के कुल ६० पदक दिए गए।

महिला आचार्यों के लिए उल्टे पाँव भागने की एक विशेष दौड़ प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें पुरस्कार स्वरूप उन्हें दुपट्टे दिए गए। तीन मुख्य कार्यकर्ताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दो अंचल प्रमुखों को कन्नड भाषित भगवत गीता भेंट की गई ताकि वे उसमें से एक एक पन्ना रोज़ बच्चों को स्कूल में पढ़ कर सुनायें।

इस दिन की यादों को संजोने के लिए बच्चों के साथ बहुत सारी तसवीरें खींची गयीं। मधुर स्वर में शांति मंत्र व प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सुबह ६ से रात १० बजे तक वनयात्रा के लिए निकली महिलाओं की इस टोली का अनुभव बहुत मज़ेदार, सुखद और संतोषप्रद रहा।

Chennai Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Bina Maheshwari

दीपावली मिलन

चेन्नई महिला समिति की १० अक्टूबर को मासिक बैठक दीपावली मिलन के रूप में हुई। दीपावली मिलन के अवसर पर 'बूझो तो जाने' एवं तंबोला जैसे रोचक खेल खिलाए गए। संक्रांति संग्रह की रूपरेखा बनाई गई एवं कई वस्तुओं का प्रदर्शन करके सहमति ली गई। श्रीमती नीमाजी जैन द्वारा Ekal Exposition 2 की विस्तृत जानकारी बताई गई और सभी को खरीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंत में सभी ने सुस्वाद भोजन का आनंद लिया एवं यजमान द्वारा सभी को दीपावली के अवसर पर उपहार दिए गए।

बाल दिवस

समिति की बैठक १४ नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर हुई।
आने वाले १८ दिसंबर को विशेष रूप से होने वाले विष्णु सहस्रनाम पाठ, तुलसी अर्चना एवं हवन के आयोजन की जानकारी दी गई और सभी से निवेदन किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लाभ उठाएं। संक्रांति पर्व के लिए वस्तुओं का चयन किया गया। सर्वसम्मति से हमारे कार्यकर्ताओं को Power Bank देने का फैसला लिया गया। हर माह की तरह दादी मां के नुस्खे व Monthly Birth Stone की विशेषता बताई गई। कुसुमजी फोमरा एवं पुष्पाजी फोमरा की शादी की ५०वी सालगिरह विशेष रूप से मनाई गई। स्वरुचि भोजन का आनंद लेते हुए बैठक का समापन हुआ।

Kochi Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Maheswari Muralidharan

Diwali Celebration

Kochi Mahila Samithi celebrated Diwali on 14th Oct at Smt. Jyoti Bhuptani's residence. Samiti had a beautifully decorated the venue. Various entertaining games and tambola, arranged by the host was followed by sumptuous food.

Children's Day Celebration

Ekal students of Murikiad Vidhyalaya of Wayanad Anchal, staged drama, raised slogans and held placards with message against drugs as part of Children's Day Celebrations.
Children of the Chiramoola Vidhyalaya also held placards and went around their colonies. It was wonderful to see Ekal students involved in social awareness activities.

Visit to Library

On Children's Day, Kochi Mahila Samithi took students of Chempatti Vidhyalaya of Wayanad district to a library. The children were given the opportunity to select the books and read in this village library.

Erode Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt Shashi Saraf

कार्यक्रम: 'तम्बोला पे धन बोला'

वन बंधु परिषद इरोड महिला समिति द्वारा ११ अक्टूबर २०२२ को 'तम्बोला पे धन बोला' कार्यक्रम किया गया। दिवाली का समय ध्यान में रखते हुए इस उत्सव में कई आकर्षक और बडे इनाम भी दिए गए तथा लघु नटिका द्वारा एकल अभियान की और 'Trash to Treasure' अभियान की जानकारी प्रस्तुत की गई।

प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य एकल के प्रति जागरूकता का प्रसार करना था। कार्यक्रम में इरोड की अनुमानित १६० महिलाओं ने भाग लिया, सभी ने बहुत आनंद लिया और कार्यक्रम की सरहना की। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

As we come to the end of this edition of Ekal Shakti and the year 2022 we hope to step into the new year with more ideas and the zeal to provide opportunities for the holistic development of children from marginalised communities.

Thankyou